Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding giving compensation to the farmers who lost their houses and land in Bharat Mala Project.

श्री देवजी पटेल (जालौर): सभापति महोदय, इस सदन ने भूमिगत अधिग्रहण बिल पास किया था, जिसके माध्यम से किसानों को मार्केट वैल्यू से चार गुना अधिक मुआवजा मिल सके । हमारे यहां राजस्थान में एक हाइवे, भारत माला निकल रहा है । उस भारत माला के अंदर जिन किसानों के घर और खेत जा रहे हैं, वहां मार्केट वैल्यू प्रति हेक्टेअर 40 से 60 लाख रुपये है, लेकिन उनको 4 से 6 लाख रुपये मिल रहे हैं । यहां से नितिन गडकरी साहब ने भी वहां के सीएम साहब को कहा है कि आप वहां के मार्केट वैल्यू के हिसाब से यहां पर मुआवजे की राशि भेजिए और हम पैसा देने को तैयार हैं ।

लेकिन वहां किसान विरोधी सरकार किसी हाल में पैसा, मुआवज़े की रकम नहीं भेज रही है ।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि राज्य सरकार निर्देशित करे ताकि कमेटी गठित हो और उस कमेटी के माध्यम से मार्केट वैल्यू का पता लगाकर किसानों को मुआवजे का लाभ दिया जाए । मेरा आपसे यही अनुरोध है ।